## सार-समाचार

### देवेंद्र चौधरी(जैन) का नेत्रदान व देहदान

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की प्रेरणा से शिवाजी नगर, जालोर निवासी 61 वर्षीय देवेंद्र चौधरी (जैन) पुत्र बंशीलाल चौधरी का गुरुवार को नेत्र दान के साथ ही सम्पूर्ण देहदान किया गया। गुरूवार दोपहर को ही हृदयाघात से उनका अचानक निधन हो गया था। इस पर भारत विकास परिषद्, जालोर के कार्यकर्ताओं की प्रेरणा से प्रेरित होकर उनके परिजनों ने उनके नेत्र दान के साथ ही सम्पूर्ण देहदान के लिए सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की एवं उनकी पार्थिव देह को उनके परिजनों व सम्बन्धियों पत्नी इन्दु चौधरी, मनीष जैन ,संजय जैन, विमल बोहरा, अशोक जैन, कान्तिलाल भंडारी, राजेन्द्र भंडारी सहित परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हेमंत जैन, प्रांतीय संयोजक सेवा मदनलाल माली,सचिव शांतिलाल सोनी व कमल किशोर भूतडा सहित कई लोगों की मौजूदगी में पाली मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सुपुर्द करने के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ विदाई दी गई। पाली कॉलेज के शरीर रचना (ऐनोटोमी) विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह गुर्जर व मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक वर्मा को मानव सेवा के लिए गुरूवार शाम को ही पार्थिव देह सुपुर्द की गई। जहां उनके परिजनों व परिषद् प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम नेत्रदान किया गया व तत्पश्चात सम्पूर्ण देह मेडिकल कालेज को भेंट की गयी। परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष व संरक्षक पदमाराम चौधरी एवं शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा सहित परिषद् पदाधिकारियों ने मानव सेवा के इस सर्वोत्कृष्ट पुनीत सेवा कार्य के लिए देवेंद्र के परिजनों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### भायल व चौधरी ने की सी.एम. से भेंट

**बालोतरा**, (निसं)। सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल एवं पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर सिवाना एवं बालोतरा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में जल संकट की स्थिति से अवगत कराते हुए नर्मदा प्रोजेक्ट से जोडने के लिए विभाग द्वारा तैयार 407 करोड रुपये की डीपीआर पर शीघ्र आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह किया। भेंट के दौरान उन्होंने बताया कि सिवाना एवं बालोतरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की मौजूदा व्यवस्था बढती मांग के अनुरूप पर्याप्त नहीं है, जिसके चलते आमजन को समय-समय पर समस्याओं का सामना करना पडता है। ऐसे में नर्मदा परियोजना से जुडाव इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालीन समाधान साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के संकेत दिए। विधायक सिवाना और पचपदरा ने क्षेत्र की पेयजल आवश्यकताओं और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परियोजना को जल्द स्वीकृति देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री े प्रस्तावित पचपदरा रिफाइनरी लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन प्रबंधन तथा जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

### प्रतापपुरी महाराज ने जनसुनवाई की

**पोकरण**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के नोख स्थित अटल सेवा केंद्र में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणजन अपनी विभिन्न समस्याएं एवं अभाव-अभियोग लेकर पहुंचे। विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने एक-एक परिवाद को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम बाप, बीडीओ नाचना, अधिशाषी अभियंता डिस्कॉम, अधिशाषी अभियंता पीएचईडी, जिला परिषद सदस्य उतमस सिंह बोडाना, सरपंच अजय छगानी, मालाराम, नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सांगसिंह, ज्ञानसिंह बोडाना, हरिसिंह, मोतीलाल तंवर, केशव गोपा, मांगूसिंह, जेठाराम, भंवर प्रजापत सहित कर्मचारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक के निजी सहायक गुलाबसिंह राठौड ने बताया कि शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक ने एटा, भारमसर, पूनमसिंह की ढाणी, खारा व नोख गांवों में आयोजित शोक सभाओं में शामिल हुए। उन्होंने शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उनको धैर्य व संबल प्रदान कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### महिलाओं व बालिकाओं को योजनाएं बताई

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग जालोर द्वारा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित के निर्देशानुसार शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शांति नगर जालोर में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भंडारी ने बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं यथा-लाडो प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेन्टर, महिला सलाह सुरक्षा केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी तथा महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि आपात स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तुरन्त सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से भारती राठौड़ ने बालिकाओं को विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स एवं इंग्लिश स्पीकिंग एवं पर्सनलिटी डेवलपमेंट कोर्स के विषय में जानकारी देकर आवेदन प्रक्रिया एवं पात्रता के विषय में आवश्यक जानकारी दी। विधिक सलाहकार तनु ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### प्रजापत ब्लॉक अध्यक्ष बने

**गुड़ामालानी**, (नि.सं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछडा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार संगठन महासचिव सागर महावर व जिला अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी ने कुम्भाराम प्रजापत को ब्लॉक अध्यक्ष गुडामालानी अन्य पिछडा वर्ग मनोनित किया गया। इससे पहले जिला संगठन मंत्री अन्य पिछडा वर्ग व मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रामजी गोल की जिम्मेदारी दी गई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व केबीनेट मंत्री व पुर्व विधानसभा प्रतिपक्ष नेता हेमाराम चौधरी व सांसद लोकसभा बाडमेर जैसलमेर बालोतरा उम्मेदाराम चौधरी,मदन प्रजापत पूर्व विधायक पचपदरा ओर स्थानीय कांग्रेस परिवार गुडामालानी का आभार जताया। ब्लाक अध्यक्ष कुम्भाराम प्रजापत ने बताया कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने दी गई।उस जिम्मेदारी को तन मन धन से निभाने का प्रयास करूंगा।

### अवैध गैस सिलेण्डर भंडारण पर केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। विवेक विहार थाना क्षेत्र में दो भाईयों के खिलाफ अवैध गैस सिलेण्डर के भंडारण करने और रखने पर डीएसओ की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि डीएसओ राधेश्याम की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। डीएसओ ने आकस्मिक चैकिंग में अवैध गैस सिलेण्डरों को पकड़ा था। इसमें दो भाईयों नागौर जिले के पांचलासिद्धा हाल वीर तेजाजी नगर सालावास निवासी महेंद्र एवं राजेंद्र को नामजद कर केस दर्ज कराया गया है। इसी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

### केंद्रीय कारागृह में फिर मिला मोबाइल

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार में सर्च अभियान में एक विचाराधीन बंदी के पास में मोबाइल मिला। इस पर बंदी के खिलाफ रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। कार्यवाहक उपाधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जेल में गुरूवार को सर्च अभियान चलाया गया। तब एक बैरक की तलाशी में विचाराधीन बंदी रमेश के पास में मोबाइल बरामद हुआ। इस पर विचाराधीन बंदी कापरड़ा रावर निवासी रमेश के खिलाफ रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस अब जांच में जुटी है।

### पंच गौरव के संबंध में बैठक 13 को

**जालोर**, (कासं)। जिले में पंच गौरव की विस्तृत कार्ययोजना के प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 13 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में होगी। जानकारी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक किशन सिंह ने दी।

# मोबाइल घातक है, सावधानी से करें उपयोग : अहसान अहमद

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में न्यायिक अधिकारियों ने शुक्रवार को विद्यालयों में जाकर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने ट्रांसफोरमेटिव टयूजडे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोनिक गेजेट का उपयोग करते समय हम सभी पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। अनजान लिंक पर कभी भी क्लिक नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करने के दौरान क्लिक करने से पहले सोचना चाहिए विचार करना करना चाहिए क्योंकि इंटरनेट सब कुछ याद रखता है।

उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस मौके पर प्रधानाचार्य माणक लाल गर्ग, व्याख्याता कल्याणसिंह, कृष्णकुमार, मंजू, वरिष्ठ अध्यापक विजय ओझा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार एसीजेएम 2 अंकित दवे ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारणावास में विद्यार्थियों को कहा कि मोबाइल हम सब के लिए घातक है इसलिए हम सभी को इसका उपयोग सावधानी करना चाहिए।

मोबाइल में इंटरनेट का उपयोग करते समय विभिन्न सोशल मीडिया साइडों पर भी बहुत अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने इंस्टग्राम, फेसबुक आदि पर किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट आए तो उसकी जांच पडताल के बाद ही स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मोबाइल पर ओटीपी मांगे तो भी सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए।

इस दौरान प्रधानाचार्य चंपालाल, प्रकाशचंद्र, राजेंद्रसिंह, शोभा राणा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार किशोर न्याय बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवकी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। अनजान लिंक पर कभी क्लिक नहीं करना चाहिए साथ ही यदि फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया साइड पर कोई फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे तो जांच पडताल के बाद ही अनुमति देनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने साइबर दुर्व्यवहार क्या है, फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लसा ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करने, अपमानजनक मीम और एडिटेड फोटो, धमकी भरे मैसेज और निजी चैट में गाली गलौच, ऑनलाइन पीछा करने, निजी जानकारी मांगने, गजेंट का मिसयुज करने आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इन मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए तथा दुरूपयोग से बचने के तरीके बताए। इस दौरान उन्होंने चाइल्ड लाइन के हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया। उन्होंने आपातकाल में पुलिस की सहायता के लिए 112 नंबरों पर कॉल करने तथा साइबर फ्रॉड होने की पर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने का आव्हान किया। इस दौरान उदयसिंह, शंभूसिंह, व्याख्यात देवेंद्र परिहार, पुखराज, मगाराम आदि मौजूद रहे।

वही निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारणावास में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौर के तत्वावधान में शुक्रवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट संख्या द्वितीय जालोर अंकित दवे ने विद्यालय में सभी छात्र एवं छात्राओं से संवाद किया एवं विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग के खतरे व नुकसान तथा इनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य चंपालाल खत्री द्वारा न्यायाधीश अंकित दवे का साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। माइक संचालन व्याख्याता प्रकाशचंद्र द्वारा किया गया। वरिष्ठ अध्यापक पेयाराम ने भी विद्यार्थियों को साइबर खतरे एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी दी । विद्यार्थियों ने न्यायाधीश से साइबर सुरक्षा एवं खतरों के बारे सवाल पूछे। जिस पर न्यायाधीश ने उनको सब सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्यापक राजेंद्र सिंह अध्यापक रमेश कुमार सिंह, शोभा राणा, रतनलाल भट्ट, राजेंद्र सिंह, कांतिलाल भट्ट, महेंद्र सिंह सहायक कर्मचारी तेजकरण उपस्थित रहे।

# राजेन्द्र गहलोत ने अशोक गहलोत पर साधा निशाना

**जोधपुर**, (कासं)। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए दूसरों पर दोषारोपण करना छोड़ दें। उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन पर अशोक गहलोत की टिप्पणी का जवाब देते हुए राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब रिफाइनरी के लिए न कोई निश्चित स्थान तय किया, न ठोस प्लानिंग की और न ही बजट अनुमान लगाया। केवल वाहवाही लूटने के लिए जल्दबाजी में शिलान्यास कर दिया गया। 2016 में भाजपा सरकार बनते ही हमने सही स्थान और उचित बजट तय किया। लेकिन 2018 से 2023 तक गहलोत सरकार ने रिफाइनरी पर कोई काम नहीं किया। वे केवल कुर्सी बचाने के चक्कर में जयपुर-दिल्ली चक्कर काटते रहे। दिसंबर 2023 में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प को साकार करने के लिए इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद 2-4 बार स्थल निरीक्षण किया और मात्र दो वर्षों में काम पूरा कर दिखाया। अब 21 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री मोदी पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे। इससे राजस्थान के युवाओं को हजारों रोजगार, पश्चिमी राजस्थान व बाड़मेर में बेहतर परिवहन सुविधाएँ और स्थानीय लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर सृजित होंगे।

सांसद गहलोत ने कहा कि भारतमाला जैसी दूरदर्शी योजनाओं से बाड़मेर में औद्योगिक विकास तेज हुआ है। रिफाइनरी को रेल, 262 किमी इनलैंड जलमार्ग और 700 किमी पाइपलाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। सांसद गहलोत ने कहा कि अशोक गहलोत को अपनी पुरानी सरकार की असफलताओं पर गंभीरता से सोचना चाहिए, बजाय हवा में आरोप लगाने के।

# प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, जालोर की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद लुम्बाराम चौधरी, राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह व रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न विभागों से डीएमएफटी के तहत पूर्व में स्वी.त कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा एवं सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति के साथ-साथ कार्यों पर व्यय की समीक्षा की गई।

सांसद लुम्बाराम चौधरी व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विधायकों ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण करवाने सहित शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मूलभूत संरचना निर्माण को लेकर चर्चा की। बैठक में ज़िला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर डीएमएफटी में उपलब्ध फण्ड सहित वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने शिक्षा, वन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, समेकित बाल विकास सेवाओं, पंचायतीराज, खेल सहित विभिन्न विभागों से प्राप्त हुए प्रस्तावित कार्यों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा समयबद्ध कार्य पूर्ण करने करने के संबंध में निर्देश दिए।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व डीएमएफटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# आधुनिक सुविधाओं से सज रहा जोधपुर रेलवे मंडल

**जोधपुर**, (कासं)। प्रधानमंत्री के विकसित भारत विज़न के अनुरूप अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जोधपुर रेल मंडल में व्यापक स्तर पर संयुक्त विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत मंडल के 14 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अत्याधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिल सकेगा।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि योजना के तहत जहां देशनोक रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास पूर्ण कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया जा चुका है। वहीं डेगाना, रेन, गोटन, सुजानगढ़, रामदेवरा, फलोदी, बालोतरा, बाड़मेर, डीडवाना, मेड़ता रोड, नागौर, मारवाड़ भीनमाल और जालोर स्टेशनों पर कार्य तीव्र गति से जारी है। इन परियोजनाओं में लगभग 90 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है तथा सभी स्टेशनों को अगस्त माह तक आमजन के लिए समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार प्रत्येक स्टेशन पर लगभग 15 से 20 करोड़ रुपए की लागत से उच्च गुणवत्ता की यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

इन स्टेशनों पर जो सुविधाएं मिलेंगी उनमें प्रमुख तौर पर आधुनिक एवं वातानुकूलित प्रतीक्षालय, स्वच्छ व उन्नत शौचालय, डिजिटल डिस्प्ले व सूचना प्रणाली, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी आधारित सुरक्षा तंत्र, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं है। इसके साथ ही सुगम प्रवेश-निकास व पार्किंग व्यवस्था जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और अनुभव को नई ऊंचाई प्रदान करेंगी।

स्टेशनों के संयुक्त विकास के अंतर्गत मंडल के 3 बड़े स्टेशनों का भी मेगा स्तर पर पुनर्विकास किया जा रहा है जिसमें जोधपुर रेलवे स्टेशन लगभग 474 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर लगभग 140 करोड़ रुपए की लागत से कार्य पूर्ण हो चुका है और पाली रेलवे स्टेशन पर लगभग 97 करोड़ रुपए की लागत से कार्य प्रगति पर है।

इन परियोजनाओं में स्टेशन भवनों को आधुनिक डिजाइन, स्थानीय वास्तुकला एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे स्टेशन केवल यातायात केंद्र ही नहीं बल्कि शहर की पहचान का प्रतीक भी बन सकें।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि जोधपुर मंडल के रेलवे स्टेशन अब आधुनिकता, सुविधा और समठा विकास के नए केंद्र के रूप में उभरते हुए क्षेत्र की प्रगति को नई दिशा दे रहे हैं। इस विकास से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और शहरी अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# जवाई क्षेत्र के ईको टूरिज्म पर चर्चा की

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला कलक्टर सभागार में शुक्रवार को जवाई क्षेत्र के ईको टूरिज्म की एसओपी बनाने के बारे में चर्चा व सुझाव के लिये विभिन्न विभागो व अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी से इस बारे में सुझाव व विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर व एडीएम बाली शैलेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखे।

साथ ही बैठक में चर्चा व सुझावों में जीप सफारी ड्राईवर रजिस्ट्रेशन, होटल्स की लैपर्ड केव से दूरी के लिये 30 से 50 मीटर दूरी पिल्लर लगाने के लिये व स्पीड लिमिट पर चर्चा व आने वालों पर्यटको के वित्तीय बिन्दु के साथ ही माईनिंग, वन विभाग के अधिकारियो, जीप ड्राइवर्स ओरीयेन्टेशन, क्षेत्र के अच्छे ड्राइवर्स से प्रशिक्षण दिलाना, ड्राइवर्स की अन्डर ऐज बिन्दु, डेटा बेस गाडी पर क्यूआर कोड जानकारी, जीपीएस, आदि होना आवश्यक है।

नियमों के उल्लधनं पर कार्रवाई, सीसीटीवी का उपयोग, पर्यटको को श्रेष्ठ सेवायें उपलब्ध कराना, बायोवेस्ट डिस्पोजल, नेचर ट्रेक स्पॉट चिन्हित करने के लिये, फोटोग्राफी व बच्चों व स्कूलो में जागरूकता पर चर्चा कि गयी जिसे आगामी दिनों में अंतिम रूप दिया जा सके।

बैठक में जिला कलक्टर ने पुलिस, रेजर्स, होटल एसोसिएशन, पर्यटन, बाली के एसडीएम दिनेश विश्नोई, सुमेरपुर एसडीएम कालूराम कुम्हार, देसूरी उपंखड अधिकारी, उपंखंडो के पुलिस उपाधीक्षक, सबन्धित नगर पालिका ईओ से भी सुझाव लिये।

साथ ही लैपर्ड बाहुल्य क्षेत्रों के बारे में व जन्तुओ व इसानों दोनो को सुरक्षित करने, पैट्रारेलिंग टावर, रणकपुर जवाई टैम्पल में एडवेन्चर टूरिज्म आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

# एडवोकेट्स क्लर्क एसोसिएशन जोधपुर की कार्यकारिणी का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स क्लर्क एसोसिएशन, जोधपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत-अभिनंदन एसोसिएशन सभागार में किया गया।

एसोसिएशन के महासचिव डॉ. अरूण झाझड़िया ने बताया कि क्लर्क एसोसिएशन, की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष ओम जाखड़, उपाध्यक्ष शेर सिंह चौहान, महासचिव दिलीप कुमार, सहसचिव पंकज भादू, कोषाध्यक्ष अजय सैन का स्वागत-अभिनंदन एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत द्वारा साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं समस्त पदाधिकारियो द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। झाझड़िया ने क्लर्क एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अधिवक्ता क्लर्कस के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत, महासचिव डॉ. अरुण कुमार झाझड़िया, उपाध्यक्ष शीतल कुम्भट, सहसचिव डॉ. मिलाप चोपड़ा, कोषाध्यक्ष रघुवीर सिंह भाटी, पुस्तकालय सचिव कोमल आर. वर्मा कार्यकारिणी सदस्यगण - अक्षया शुक्ला, अनुपम गोपाल व्यास, कृष्णकांत व्यास, आकांक्षा चौधरी, नंदीपना गहलोत, विरम सिंह राजपुरोहित सहित बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्यगण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, सहित भारी संख्या में महिला अधिवक्ता उपस्थित थे।

# विद्यालय के कार्यों का जायजा लिया

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान में प्रवेशोत्सव अभियान 2026-27 के तहत शिक्षा विभाग अलर्ट मोड पर है। जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जा रहा है।

प्रवेशोत्सव सघन निरीक्षण के तहत पामेरा स्थित गलु बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीईओ माध्यमिक महेंद्र नानीवाल ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय मीडिया प्रभारी जगदीश धारावत ने बताया कि डीईओ नानीवाल ने प्रवेशोत्सव को लेकर कार्यवाहक प्रधानाचार्य जयप्रकाश नागर से प्रथम व द्वितीय चरण और वर्तमान मे चल रहे तृतीय चरण की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट छात्रों को विद्यालय से जोडने सम्बन्धी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ईश्वरलाल पुरोहित व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक भंवरलाल पुरोहित भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने विद्यालय का निरीक्षण कर संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान विद्यालय प्रवेशोत्सव प्रभारी दीप सिंह, बीसीआई कुलदीप पुरोहित, पंचायत शिक्षक जगदीश राव उपस्थित थे।

# रोहिताश तोमर ने रेवदर-मंडार क्षेत्र में निरीक्षण किया

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिला कलेक्टर रोहिताश सिंह तोमर ने गुरूवार को कृष्णगंज जीएसएस का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने सम्बन्धित कार्मिकों से जीएसएस की कार्य प्रणाली एवं विभिन्न तकनीकी विषयों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान परिसर का भी अवलोकन किया तथा साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ रखने की बात कही साथ ही लॉग बुक संधारण के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सिरोडी आंगनबाड़ी केन्द्र का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अपने अवलोकन के दौरान आंगनवाडी में दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं, नियुक्त स्टाफ तथा अपेक्षित सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली साथ ही बच्चों से संवाद भी किया। पोषण ट्रेकर पर दर्ज लाभार्थियों के बारे में तथा विभाग की ईसीसीई गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही दिए जाने वाले पोषाहार की गुणवत्ता भी परखी। एसडीएम राजन लोहिया, तहसीलदार मंजू देवासी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

सिरोही जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने पुलिस थाना मंडार तथा मंडार उप तहसील का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न अनुभागों को देखा संधारित रिकॉर्ड का अवलोकन किया साथ ही विभिन्न सूचनाओं के अद्यतन करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने थाने में कानून व्यवस्था का जायजा लेते हुए रिकॉर्ड पुस्तिकाएं, निरीक्षण पुस्तिकाएं एवं ऑनलाईन पोर्टल का भी अवलोकन किया।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी राजन लोहिया, तहसीलदार मंजू देवासी सहित अन्य मौजूद थे।

कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवदर का अवलोकन किया। उन्होंने वहां आमजन से भी संवाद किया।

जिला कलेक्टर ने सीएचसी की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में कार्मिकों से जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकीय अपशिष्ट आदि के निस्तारण संबंधित चर्चा करते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये।

# बागोड़ा में रात्रि चौपाल हुई

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती बागोडा उपखंड की जैसावास ग्राम पंचायत में गुरुवार रात एसडीएम लाखाराम के नेतृत्व में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में बडी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं, जिस पर एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें नर्मदा परियोजना से जुडी समस्याएं, पेयजल आपूर्ति में सुधार, डामरीकरण व ग्रेवल सडक निर्माण, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं पशु चिकित्सालय भवन के लिए भूमि आवंटन, अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ बिजली-पानी की समस्याएं प्रमुख थी। ग्रामीणों ने गांव में बढते सुअरों के आतंक को लेकर भी गंभीर शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने सुअरों को पकडवाने की मांग उठाई, एसडीएम ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार रामलाल, बीडीओ अंकित जीनगर, आरपी हिंगलाजदान, सरपंच चौपाराम, ग्राम विकास अधिकारी रमेश जीनगर आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सायला (जालौर)

(पुराना बस स्टेण्ड, सायला-343022) E-mail : mbsayla2024@gmail.com

क्रमांकः न.पा.सा./भूमि शा./2025-26/95 दिनांकः- 08.04.2026

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा 69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक एवं गैर कृशिक प्रयोजन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क अधीन आवासीय व वाणिज्यिक आवेदन पत्रावली पट्टा हेतु कार्यालय में प्रस्तुत की गयी है। इस संबंध मे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 (सात) दिवस में मय सबूत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित रहें, जो पत्रावली विवरण निम्न प्रकार है:-

69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक एवं गैर कृशिक प्रयोजन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम आवेदन पत्रावली

| क्र. स. | पत्रावली सं. | प्रार्थी का नाम | पिता/पति का नाम | मौहल्ला/वार्ड संख्या | भूमि का क्षैत्रफल वर्गमीटर | नियमन हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 51/2025-26 | श्री रमेश कुमार जैन<br>श्री विनीत कुमार जैन | श्री लुकाराम जैन<br>श्री रमेश कुमार जैन | गांधीमुथा की सेरी, सायला | 223.80 व.मी | आवासीय |
| 2 | 52/2025-26 | श्री प्रवीण जैन<br>श्री विक्की जैन | श्री लालचन्द जैन<br>श्री बाबुलाल जैन | गांधीमुथा की सेरी, सायला | 232.89व.मी | आवासीय |
| 3 | 53/2025-26 | श्री आइदाना राम | श्री मांगाराम | दहियावटी छात्रावास के पिछे,सायला | 236.65 व.मी | आवासीय |
| 4 | 54/2025-26 | श्री दिलीप कुमार | श्री मांगाराम | दहियावटी छात्रावास के पिछे,सायला | 242.62 व.मी | आवासीय |
| 5 | 55/2025-26 | श्री तोलाराम | श्री मांगाराम | दहियावटी छात्रावास के पिछे,सायला | 238.24 व.मी | आवासीय |
| 6 | 56/2025-26 | श्री दुर्गेश कुमार | श्री मांगाराम | दहियावटी छात्रावास के पिछे,सायला | 239.36 व.मी | आवासीय |
| 7 | 57/2025-26 | श्री महेन्द्र कुमार | श्री रामाजी पुरोहित | साथुओ का वास, सायला | 64.79 व.मी | आवासीय |
| 8 | 58/2025-26 | श्री गौतम जैन | श्री सुरेश कुमार जैन | शान्तिपुरा, सायला | 123.74 व.मी | आवासीय |
| 9 | 59/2025-26 | श्री हेमन्त जैन | श्री सुरेश कुमार जैन | शान्तिपुरा, सायला | 123.74 व.मी | आवासीय |

राज.संवाद/सी/26/734 **अधिशाषी अधिकारी**



## कार्यालय नगर पालिका बिलाड़ा जिला-जोधपुर

क्रमांक -नपाबि/भवन-नामान्तरण/2025-26/138 दिनांकः- 08.04.2026

**आम आपति सूचना**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता | जाति | पता | वर्गमीटर | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री एस.पदम राज जैन पुत्र श्री सज्जन राज जैन | जैन | बेरी वाला बास बिलाड़ा | 38.32 | घेवरचन्द जी पगारिया का प्लोट स्थित है। | सलेसराज जी जांगडा का प्लोट स्थित है। | पारसमल जांगडा का प्लोट स्थित है। | प्लोट का निकाल व रास्ता। | भवन निर्माण/नामान्तरण |
| 2 | श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री भंवर लाल | सुथार | सिलावटो का बास बिलाड़ा | 54.60 | श्री केवल जी सुथार का मकान स्थित है। | श्री चेतन प्रकाश छीपा का मकान स्थित है। | गली स्थित है। | निकाल व रास्ता स्थित है। | नामान्तरण |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा नामान्तरण के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जायेगा।

राज.संवाद/सी/26/720 **अधिशाषी अधिकारी**